बिहार विधान परिषद्

189वां सत्र

तारांकित प्रश्न

वर्ग – 4

04 श्रावण, 1940 (श.)

वृहस्पतिवार, तिथि --------------------------------

26 जुलाई, 2018 ई.

प्रश्नों की कुल संख्या – 27

1.	गृह (आरक्षी) विभाग	....	....	01
2.	परिवहन विभाग	....	....	05
3.	वित्त विभाग	....	....	03
4.	पर्यावरण एवं वन विभाग	....	....	01
5.	समाज कल्याण विभाग	....	....	04
6.	लघु जल संसाधन विभाग	....	....	04
7.	गृह (कारा) विभाग	....	....	02
8.	योजन एवं विकास विभाग	....	....	01
9.	गृह (विशेष) विभाग	....	....	02
10.	जल संसाधन विभाग	....	....	02
11.	श्रम संसाधन विभाग	....	....	02

		कुल योग –		**27**

घटनाओं पर रोक

* 81. **प्रो. नवल किशोर यादव** : क्या मंत्री, गृह (आरक्षी) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि साइबर क्राइम के अंतर्गत ए.टी.एम. का पिन नंबर पूछकर भोले-भाले नागरिकों के खाते से पैसा निकालने सहित अन्य कितने कांड अभी तक दर्ज किये गये हैं;

(ख) क्या यह सही है कि अखबारों में लगभग प्रतिदिन ऐसी आपराधिक घटनाओं की खबर रहती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतायेगी कि अभीतक दर्ज कांडों में कितने व्यक्तियों की कितनी राशि वापस दिलायी जा सकी है या अपराधियों को गिरफ्तार किया जा सका है, अखबारों में छपीं घटनाओं पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जाती है तथा ऐसी घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाने हेतु अभी तक कौन-से कदम उठाये गये हैं?

सुगम एवं दुरुस्त

* 82. **श्री रामचन्द्र भारती** : क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार में आज भी सावर्जनिक परिवहन की व्यवस्था अत्यंत ही दयनीय है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के लगभग सभी इलाकों में आज भी निजी वाहन मालिकों का ही साम्राज्य कायम है;

(ग) क्या यह सही है कि इन वाहनों में चाहे वह ऑटो, जीप या बस कोई भी हो, यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए क्षमता से दोगुनी या तिगुनी संख्या में सवारी को बैठाया जाता है;

(घ) क्या यह सही है कि इन वाहनों में ओवर लोडिंग के चलते प्रतिदिन सड़क दुर्घटनाएं होती रहती हैं, जिनसे जान-माल की क्षति होती है;

(ड) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र ही राज्य में सार्वजनिक परिवहन की व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

बैंक से जोड़ने का सक्ष्य

* 83. **श्री नीरज कुमार** : क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत स्वयं सहायता समूह को बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो वित्तीय वर्ष 2017-18 एवं 2018-19 में कितने स्वयं सहायता समूह को क्रमश: बैंकिंग व्यवस्था से जोड़ने का लक्ष्य था, उसमें कितना पूरा हुआ तथा शेष बचे हुए को कबतक पूरा करना है ?

कड़े प्रावधान

* 84. **श्री संजीव कुमार सिंह** : क्या मंत्री, पर्यावरण एवं वन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वर्तमान संदर्भ में प्रकृति एवं पर्यावरण के संतुलन हेतु राज्य में कचरा प्रबंधन की कोई ठोस नीति गठित नहीं होने से प्रदूषण संकट की भयावहता बढ़ती जा रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त संकट हेतु बड़े प्रावधान किये जाने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

कानून का दुरुपयोग

* 85. **श्री सी. पी. सिन्हा** : क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बिहार में दहेज दानवों द्वारा असहाय बहुओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। प्राचीन काल में बेटी को ससुराल विदा करने समय कन्या के पिता अपने सामर्थ्य के मुताबिक उपहार देते थे। कालांतर में इसी उपहार ने दहेज का रूप धारण कर लिया;

(ख) क्या यह सही है कि शादी के पहले ही दहेज की रकम और सामग्री तय कर ली जाती है, विवाह में कन्या को नहीं बल्कि कन्या के पिता के दहेज देने की हैसियत देखी जाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार दहेज प्रथा रोकने के लिए बनाये गये सारे कानून का दुरुपयोग करने वालों पर कानूनी कार्रवाई एवं दहेज प्रथा को जड़ से खत्म करने के लिए कोई ठोस उपाय करना चाहती है, यदि नहीं तो क्यों ?

नलकूप चालू कबतक

* 86. **श्री सुबोध कुमार** : क्या मंत्री, लघु जल संसाधान विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वैशाली जिलान्तर्गत राघोपुर प्रखंड में वहां के किसानों को कृषि कार्य के लिए सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु राज्य सरकार द्वारा करीब 15 (पन्द्रह) वर्ष पूर्व 40 नलकूप लगवाये गये हैं;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा उक्त नलकूपों को लगवाने में एक बड़ी सरकारी राशि खर्च की गई है किन्तु अभी तक विभागीय उदासीनता के कारण किसानों को सिंचाई हेतु एक बूंद पानी का दर्शन नहीं हुआ है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार राघोपुर प्रखंड के किसानों को सरकार द्वारा लगवाये गए नलकूपों को चालू करा कर सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

परिपक्वता राशि का भुगतान

* 87. **श्री केदार नाथ पाण्डेय** : क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य में भारतीय रिजर्व बैंक की देखरेख में संचालित नन बैंकिंग कंपनियों में से एक सहारा इंडिया भी संचालित है जिसमें निवेशकों के द्वारा करोड़ों रुपया निवेश किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि राज्य के अधिकांश सहारा इंडिया के कार्यालय द्वारा निवेशकों की परिपक्ता राशि का पूरा भुगतान नहीं किया जा रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार यह बतलाएगी कि सहारा इंडिया की दानापुर शाखा, डाक बंगला शाखा एवं चितकोहरा शाखा में अबतक कितने निवेशकों की राशि परिपक्व हो चुकी है, कब से उन निवेशकों का भुगतान लंबित है और सरकार उन निवेशकों की परिपक्वता राशि का एक मुश्त भुगतान कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

जेल शिफ्ट कबतक

* 88. **श्री राजन कुमार सिंह** : क्या मंत्री, गृह (कारा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला जेल कारागार में कैदियों को रखने की क्षमता मात्र 264 है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कारागार में क्षमता से कई गुणा ज्यादा कैदियों को रखने से कैदियों का जीवन नारकीय बना हुआ है;

(ग) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिला में नया आदर्श जेल का निर्माण हो चुका है, लेकिन कुछ त्रुटिपूर्ण कार्य के बचे रहने से उक्त जेल को वहां शिफ्ट नहीं किया जा रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कैदियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए औरंगाबाद जिला के नवनिर्मित जेल के त्रुटिपूर्ण कार्य कराकर कबतक उक्त जेल को शिफ्ट करना चाहती है ?

मापदंड

* 89. **श्री संजय पासवान** : क्या मंत्री, योजना एवं विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) नीति आयोग के द्वारा चयन किये गये महत्वकांक्षी जिले का क्या मापदंड तय किया गया है;

(ख) क्या कोई सम्भावना है कि अन्य और जिलों को भी इसमें शामिल किया जा सकता है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो डेल्टा रिपोर्ट के अनुसार बेगूसराय और खगड़िया जिला को सबसे निचले पायदान पर क्यों रखा गया है और इसके लिए कौन जिम्मेदार है ?

सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मोनिटरिंग

* 90. **श्री कृष्ण कुमार सिंह** : क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य सरकार ने वर्ष 2016 में राज्य के 1056 थानों में लगभग 282 करोड़ की लागत से सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने का फैसला लिया था;

(ख) क्या यह सही है कि जिनमें ज्यादातर जगहों पर कैमरे लगाये जा चुके हैं, लेकिन थाने में रखे गये टीवी और उपकरण रख-रखाव के अभाव में कबाड़ बन चुके हैं;

(ग) क्या यह सही है कि राजधानी पटना के किसी भी थाने में वर्तमान समय में सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है;

(घ) क्या यह सही है कि सीसीटीवी कैमरे लगाने के बाद इसकी मॉनिटरिंग के लिए बड़ा टीवी स्क्रीन लगा पर नियमित देखरेख नहीं की गई, जिसके कारण उपकरण खराब होने लगे;

(ड़) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार थाने में खराब पड़े उपकरणों को सही कराकर सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से मॉनिटरिंग कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

पड़ाव को दुरुस्त

* 91. **श्री आदित्य नारायण पाण्डेय** : क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि गोपालगंज जिले का मुख्य बस डिपो शहर के अम्बेडकर चौक के समीप अवस्थित है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त बस डिपो में सालों भर नाले का पानी जमा रहता है एवं बस ठहराव स्थल गड्ढ़े में तब्दील है;

(ग) क्या यह सही है कि बस स्टैंड के नजदीक यात्री पड़ाव भी प्रशासनिक लापरवाही के कारण कुव्यवस्थाओं का शिकार हो चुका है जिससे यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो राज्य सरकार कबतक गोपालगंज बस डिपो सहित यात्री पड़ाव को दुरुस्त कराना चाहती है, यदि हां कबतक, नहीं तो क्यों ?

पक्का बांध का निर्माण

* 92. **श्री राजेश राम** : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिले के प्रखंड-रामनगर के ग्राम हरिहरपुर, बलुअहवा, चम्पापुर, औरहिया एवं इत्यादि गांवों में गत वर्ष मसान नदी में बाढ़ का पानी आने से कृषि योग्य भूमि, मकान की क्षति होने के कारण आम जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया था;

(ख) क्या यह सही है कि मसान नदी का जल स्थल एवं गांवों का जमीनी स्थल बराबर है;

(ग) क्या यह सही है कि खंड 'क' में वर्णित गांवों को बचाने हेतु ठोरी कुट्टी से सीमा क्षेत्र पुल डुमरी तक 3.5 कि.मी. पक्का बांध की आवश्यकता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पश्चिमी चम्पारण जिले के प्रखंड रामनगर के ग्राम हरिहरपुर, बहुअहवा इत्यादि गांवों को मसान नदी से बचाव हेतु ठोरी कुट्टी से सीमा क्षेत्र पुल डुमरी तक 3.5 कि.मी. पक्का बांध का निर्माण जनहित में कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

कार्रवाई कबतक

* 93. **श्री प्रेमचन्द्र मिश्रा** : क्या मंत्री, गृह (कारा) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिला के मंडल कारा मधुबनी में वित्तीय वर्ष 2017-18 में निविदा घोटाला सहित कई अन्य अनियमितता बरती गई;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त कारा में निविदा घोटाला की जांच कारा महानिरीक्षक ने अपने पत्रांक-6852, दिनांक-1.12.2017 के द्वारा उप महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएं श्री प्रताप नारायण सिंह से करायी;

(ग) क्या यह सही है कि श्री प्रताप नारायण सिंह, उप महानिरीक्षक ने अपने पत्रांक-240, दिनांक-10.1.2018 के द्वारा घोटाला होने की पुष्टि करते हुए अपना जांच प्रतिवेदन सौंपते हुए शीघ्र कार्रवाई करने की अनुशंसा की थी, परन्तु विभाग में बैठे शीर्ष पर उक्त घोटाला को दबा दिया गया;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार घोटाला करने वाले पदाधिकारी के साथ-साथ उक्त पत्र को दबाने वाले पर कठोर कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

प्रोन्नति कबतक

* 94. **प्रो. संजय कुमार सिंह** : क्या मंत्री, वित्त विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राष्ट्रीय बचत सेवा (वित्त विभाग) के पदाधिकारियों को पत्रांक-10562, दिनांक-24.11.2011 के द्वारा प्रशिक्षणोपरांत लेखा सेवा में समायोजन करने का निर्णय लिया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि 2014 में मात्र 18 पदाधिकारियों को समायोजित किया गया, 11 पदाधिकारियों का ना तो समायोजन किया गया और ना ही राष्ट्रीय बचत सेवा के मूल पद से अग्रतर पद या प्रोन्नति ही दी गयी;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाकी बचे 11 पदाधिकारियों को भी प्रोन्नति देने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

कब्रिस्तान की घेराबंदी कबतक

* 95. **श्री मो. गुलाम रसूल** : क्या मंत्री, गृह (विशेष) विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत ओबरा प्रखंड की अभिलोना पंचायत के ग्राम धनावा के कब्रिस्तान का 2010 में ही प्राक्कलन बनने के बावजूद अभी तक घेराबंदी नहीं की गई है;

(ख) क्या यह सही है कि कब्रिस्तान की घेराबंदी नहीं होने के कारण कब्रिस्तान की जमीन का अतिक्रमण हो रहा है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कब्रिस्तान की प्राथमिकता सूची में रखते हुए अविलंब घेराबंदी कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

अनियमितता की जांच

*** 96. डा. रामवचन राय** : क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि वर्ष 2007 में विज्ञापन सं.-2607, दिनांक-18.9.07 के माध्यम से मोटरयान निरीक्षकों की बहाली हेतु बिहार राज्य कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 59 पदों हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त निविदा में 59 उपर्युक्त उम्मीदवार नहीं मिलने के कारण बिहार तकनीकी सेवा संवर्ग (मो.या.नि.) नियमावली, 2003 को संशोधित कर चयन का आधार लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार अथवा सिर्फ साक्षात्कार के आधार पर नियुक्ति का प्रावधान किया गया है;

(ग) क्या यह सही है कि विभाग द्वारा सभी नियमों की अवहेलना कर वर्ष 2011 में 20 उम्मीदवार, 2012 में 04, 2013 में 08 एवं वर्ष 2016 में 01 पद पर अभ्यर्थियों का चयन किया गया, जो नियम के विरुद्ध है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त नियुक्ति में बरती गई अनियमितता की जांच कराते हुए दोषी पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करना चाहती है, यदि हां तो कबतक ?

सोन नहर का आधुनिकीकरण

*** 97. श्री संजय प्रसाद** : क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना जिले का विक्रम, नौबतपुर एवं बिहटा क्षेत्र कृषकबहुल क्षेत्र है एवं यहां सिंचाई कोपा मध्यम सिंचाई योजना तथा सोन नहर के माध्यम से होता है;

(ख) क्या यह सही है कि सोन नहर आधुनिकीकरण तथा कोपा मध्यम सिंचाई योजना के गेटों का जीर्णोद्धार का कार्य वर्षों से लंबित है;

(ग) क्या यह सही है कि इस क्षेत्र के किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के लिए उक्त योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा कराना सरकार आवश्यक समझती है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों योजनाओं की पूर्णरूपेण मोनिटरिंग उच्च स्तर से कराकर किसानों के खेतों तक पानी पर्याप्त मात्रा में पहुंचाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

वेतन का भुगतान

* 98. **श्री वीरेन्द्र नारायण यादव** : क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना सदर में मात्र 14 विकास मित्र नियुक्त हैं;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त 14 विकास मित्र को विगत कई माह से वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि उक्त विकास मित्रों के द्वारा संबंधित पदाधिकारियों से वेतन भुगतान करने की गुहार लगाकर थक चुके हैं लेकिन पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण आज तक उन्हें वेतन का भुगतान नहीं हो रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सदर पटना अंचल के 14 विकास मित्रों का भुगतान अविलंब दिलाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक ?

वियर बांध कबतक

* 99. **श्री राधा चरण साह** : क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत नावानगर प्रखंड में छेरा नदी सलसला रामनगर के पास है;

(ख) क्या यह सही है कि छेरा नदी में सलसला रामनगर के पास वियर बांध नहीं रहने के कारण दस हजार एकड़ जमीन की सिंचाई किसानों के द्वारा सही ढंग से नहीं होती है;

(ग) क्या यह सही है कि इस नदी से एक आहर भी निकला है जो सिकरिया राज वाहा तक फैला हुआ है,

(घ) क्या यह सही है कि वियर बांध बनने से सलसला रामनगर, छपरा, मडिया, डिहरी, दराठी भदवर और भोजपुर जिला के देवराठ शिवपुर अरैला मनियारा उदरदाहा एवं सिकरिया के किसानों के खेतों की सिंचाई होगी, इससे सरकार को राजस्व भी प्राप्त होगा;

(ङ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो जनहित में छेरा नदी के सलसला रामनगर के पास वियर बांध बनाने का विचार रखती है, यदि नहीं तो क्यों ?

आंगनबाड़ी सेविका पदस्थापित

* 100. **डा. एन. के. यादव** : क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि लखीसराय अंतर्गत गढ़ी विशनपुर पंचायत में आंगनबाड़ी केन्द्र सं.-108 में सेविका का पद अनुसूचित जाति के लिए कर्णांकित है;

(ख) क्या यह सही है कि इन्दु कुमारी, जो सामान्य वर्ग से आती हैं, उपरोक्त केन्द्र पर पदस्थापित हैं,

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वहां अनुसूचित जाति कोटे से आंगनबाड़ी सेविका पदस्थापित करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

पुल की मरम्मती

* 101. **श्री सच्चिदानन्द राय** : क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि सारण जिलान्तर्गत ब्रांच केनाल के हरपुर उपवितरनी के जंक्शन पर अवस्थित पुल सं.-176 जर्जर हो गया है जिसपर कभी भी बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार जर्जर पुल की मरम्मती कराकर यातायात बहाल रखने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

पईन की उड़ाही

* 102. **श्री संतोष कुमार सुमन** : क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि इमामगंज प्रखंड अंतर्गत मोरहर नदी से ग्राम कोठी देवरीया, भाया बारा बारादूरी 8 किलोमीटर का पईन है;

(ख) क्या यह सही है कि कोठी, देवरीया पईन में गाद उड़ाही का काम नहीं होने से 10 वर्षों से सिंचाई का कार्य बाधित है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इमामगंज प्रखंड जिला गया का मोरहर नदी से निकलने वाला पईन (जलस्रोत) का गाद उड़ाही का कार्य कर सिंचाई सुविधा प्रारंभ करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

अनुदेशक की बहाली

* 103. **श्री रजनीश कुमार** : क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि राज्य के 121 सरकारी आई.टी.आई. कॉलेज में कुल पद-1980 के विरुद्ध 1222 पदों पर अतिथि अनुदेशक को बहाल किया गया था;

(ख) क्या यह सही है कि कुल 1222 अतिथि अनुदेशकों को विभाग द्वारा उनकी सेवा समाप्त कर दी गयी है जिसके कारण वे बेरोजगार होकर सड़कों पर दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं;

(ग) क्या यह सही है कि राज्य के सरकारी आई.टी.आई. कॉलेजों में पहले से ही अनुदेशक की भारी कमी है जिसके कारण आई.टी.आई. में प्रशिक्षण एवं प्रयोगशाला का कार्य ठप है;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार यह बतलाएगी कि अतिथि अनुदेशक की सेवा समाप्ति के उपरांत खाली-1222 पद एवं पहले से खाली पदों पर अनुदेशक की बहाली का क्या विचार रखती है, यदि हां तो क्या हटाये गये अतिथि अनुदेशक को प्राथमिकता देना चाहेगी, नहीं तो क्यों ?

रिंग बस चालू कबतक

* 104. **श्री मो. कमर आलम** : क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पटना शहर में नगर सेवा की छोटी-बड़ी बसें भिन्न-भिन्न रूटों पर आवागमन कर रही हैं;

(ख) क्या यह सही है कि पटना शहर के बड़ी पहाड़ी से जीरो माइल होते हुए कंकड़बाग बाईपास रोड जगनपुरा-सिपारा पुल-बेउर-बाईपास रोड-अनिसाबाद गोलघर से पूरब की ओर गर्दनीबाग गोलम्बर होते हुए सचिवालय शहीद स्मारक-आर-ब्लॉक-जी.पी.ओ. गोलम्बर-रेलवे स्टेशन होते हुए चिरैयाटांड़ पुल-कंकड़बाग मुख्य सड़क-राजेन्द्रनगर टर्मिनल-बहादुरपुर-नालंदा मेडिकल कॉलेज-अगमकुआं होते हुए बड़ी पहाड़ी तक रिंग बसें चलाने की आवयश्यकता है;

(ग) क्या यह सही है कि क्या यह सही है कि उक्त रूट से रिंग बसें चलाये जाने से स्थानीय लोगों के बस-यात्रियों को समय की बचत के साथ-साथ भिन्न-भिन्न रूट की नगर बसों द्वारा यात्रा करने पर होने वाली परेशानियों से राहत मिल जायेगी;

(घ) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड 'ख' पर अंकित रूटों पर नगर सेवा की बसें चलाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

सी.डी.पी.ओ. पर कार्रवाई

* 105. **श्री सतीश कुमार** : क्या मंत्री, समाज कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत मोतिहारी प्रखंड के क्रम पंचायत राज वरियारपुर, वार्ड नं.-14 में आंगनबाड़ी केन्द्र 245 पर सेविका/सहायिका का चयन किया जा रहा है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त वार्ड के पोषक क्षेत्र में आम सभा नहीं कर वार्ड नं.-12 के मतदाता सूची में शामिल लोगों की आम सभा कर 12 के अभ्यर्थी का वार्ड नं.-14 में सेविका/सहायिका का चयन किया जा रहा है, जिसका विरोध वार्ड सदस्य एवं वार्ड पंच एवं आम जनता कर रही है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो विभागीय नियम की अनदेखी कर मनमाने ढंग से सेविका/सहायिका के चयन में महिला पर्यवेक्षिकाओं एवं सी.डी.पी.ओ. पर सरकार कार्रवाई करना चाहती है तथा वार्ड-14 के पोषक क्षेत्र के अभ्यर्थियों का चयन करना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों ?

निगम की बस कबतक

* 106. **श्री राम लषण राम 'रमण'** : क्या मंत्री, परिवहन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) क्या यह सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंड मुख्यालय से रसीदपुर होते हुए अंडी पट्टी, शिवपट्टी, वेलहवाड मधुबनी-दरभंगा सड़क में राज्य पथ परिवहन निगम की बस नहीं चलने से आमलोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है;

(ख) यदि उपर्युक्त खंड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार खजौली प्रखंड मुख्यालय से रसीदपुर अंडीपट्टी, शिवपट्टी होते हुए मधुबनी से दरभंगा तक राज्य पथ परिवहन निगम की बस कबतक चलाना चाहती है ?

शिक्षकों का पुन: नियोजन

* 107. **श्री टुन जी पाण्डेय** : क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि –

(क) आई.टी.आई. में पूर्व से कार्य कर रहे अतिथि शिक्षकों का पुन: नियोजन कब किया जायेगा;

(ख) जिला अतिथि शिक्षकों का मानदेय बकाया है, उसका भुगतान कब किया जायेगा;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जो अतिथि शिक्षक विगत दो माह से हड़ताल पर हैं, उनके बारे में क्या कर रही है ?

पटना
दिनांक 26 जुलाई, 2018 ई.

सुनील कुमार पंवार
सचिव
बिहार विधान परिषद्